Rapid Fire करेंट अफेयर्स (18 April)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-april-18

- केंद्र सरकार ने जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (**GSLV**) के चौथे चरण को जारी रखने का फैसला किया है। इस चौथे चरण के तहत 2021-24 की अवधि के दौरान GSLV की पाँच उड़ानें शामिल हैं। GSLV के इस चौथे चरण से जियो-इमेजिंग, नेवीगेशन, डेटा रिले कम्युनिकेशन और स्पेस साइंस के लिये दो टन वर्ग के उपग्रहों को लॉन्च करने की क्षमता को और मज़बूती मिलेगी। चरण-4 के ज़रिये महत्त्वपूर्ण उपग्रह नौवहन सेवाएँ प्रदान करने, भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम और अगले मंगल अभियान के संबंध में डेटा रिले कम्युनिकेशन संबंधी उपग्रहों की आवश्यकताएँ पूरी करने में मदद मिलेगी। ज्ञातव्य है कि GSLV निरंतरता कार्यक्रम को 2003 में मंज़ूरी दी गई थी और इसके दो चरण पूरे किये जा चुके हैं तथा **तीसरा चरण प्रगति** पर है। आशा है कि 2020-21 की चौथी तिमाही में इसे पूरा कर लिया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (**CAG**) के कार्यालय में उप-नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (समन्वय, संचार और सूचना प्रणाली) के **एक पद के सृजन** को मंज़ूरी दे दी। इस पद के धारक का काम राज्य लेखाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करना, दूरसंचार के लेखा और भारतीय लेखा विभाग (IA&AD) के अंतर्गत विभिन्न सूचना प्रणाली की पहलों का निरीक्षण करना होगा। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का पद संवैधानिक है तथा संवैधानिक पदाधिकारी के रूप में इसे मुख्यत: त्रिस्तरीय सरकार- संघीय, प्रांतीय और स्थानीय; राज्य के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के वाणिज्यिक उपक्रमों और संघीय तथा प्रांतीय सरकारों द्वारा वित्तपोषित स्वायत्त निकायों के एकाउंट्स का ऑडिट और इससे संबंधित कार्यकलापों का उत्तरदायित्व निभाना पड़ता है।
- हाल ही में महाराष्ट्र के मुंबई के गोराई में एस्सेल वर्ल्ड ने एक **इंटरेक्टिव बर्ड पार्क** लॉन्च किया। 1.4 एकड़ क्षेत्र में फैला अपनी तरह का पहला **वर्षावन-थीम** वाला पार्क 60 से अधिक प्रजातियों के 500 से अधिक विदेशी पक्षियों का घर है। इसका मुख्य उद्देश्य एक ऐसा बर्ड पार्क स्थापित करना है, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करता हो। पक्षियों के लिये उपयुक्त रहने की स्थिति सुनिश्चित करने के लिये पार्क को बेहद सावधानीपूर्वक बनाया गया है, ताकि इससे विभिन्न प्रकार के पक्षियों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा सके। इस पार्क में जलीय पक्षियों के लिये छोटे तालाब बनाए गए हैं तथा उनके प्रजनन की विशेष व्यवस्था की गई है। पक्षियों के लिये पीने के पानी की व्यवस्था के साथ इसमें एक विशेष पक्षी-रसोई और स्वास्थ्य सेवा केंद्र भी है।
- हरियाणा के साइबर सिटी **गुरुग्राम** में देश का पहला **वोटर पार्क** बनाया गया है। इस पार्क के माध्यम से लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया जाएगा और उन्हें मतदान के महत्त्व से अवगत कराया जाएगा। यहाँ पर कोई भी व्यक्ति मतदान को लेकर किसी भी तरह की जानकारी हासिल कर सकता है। गुरुग्राम में विकास भवन के टेक्नोलॉजी पार्क में इस वोटर पार्क को बनाने में छह लाख रुपए की लागत आई है और इस पार्क को हरियाणा विधानसभा चुनाव तक बरकरार रखा जाएगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने असम में **काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और कारबी अंगलांग पर्वत श्रृंखला** से उत्पन्न होने वाली नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में **खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध** लगा दिया है। इसके तहत काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र, उसमें बहने वाली नदियों के जलग्रहण क्षेत्र के साथ-साथ कारबी अंगलांग पर्वत श्रृंखला से उत्पन्न होने वाली नदियों के पूर्ण जलग्रहण

क्षेत्र में खनन एवं संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसमें **बाघ अभयारण्य** क्षेत्र के साथ चिह्नित किये गए **नौ पशु गलियारों** के दायरे में आने वाले किसी निजी भूखंड पर नए निर्माण की अनुमति नहीं होगी। असम के पुलिस महानिदेशक और संबंधित पुलिस अधीक्षकों को इस क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने का निर्देश दिया गया है। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कारबी अंगलांग पर्वत श्रृंखला से अवैध खनन सामग्रियों का परिवहन न हो।

- नासा के शोधकर्त्ताओं ने यह जानकारी दी है कि **चंद्रमा पर उल्कापिंडों की वर्षा** के कारण उसकी सतह के नीचे मौजूद पानी को नुकसान पहुँचा है और इस वज़ह से गहन अंतरिक्ष में सतत दीर्घावधि वाली मानवीय खोज के कार्य में संभावित स्रोत का काम धीमा पड़ गया है। नासा और अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी अप्लायड फिजिक्स लेबोरेट्री के शोधकर्त्ताओं को नासा के **लूनर एटमॉसफेयर एंड डस्ट एनवायरनमेंट एक्सप्लोरर (LADEE)** द्वारा एकत्रित आँकड़ों से ऐसी कई घटनाओं का पता चला। LADEE एक रोबोटिक अभियान था, जिसने चंद्रमा की कक्षा में परिक्रमा करते हुए चंद्रमा के विरल वायुमंडल की संरचना तथा उसके आसमान में धूल के प्रसार के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई।